तेरे भक्तो के जीवन कन्हैया,
तेरी रहमत से रोशन हुए है,
वर्ना दुनिया में कौन है किसका,
यहाँ अपने पराए हुए है,
तेरे भक्तों के जीवन कन्हैया,
तेरी रहमत से रोशन हुए है।।

तर्ज ये तो प्रेम की बात है।

नरसी मीरा की झंकार में तू,
सुर रसखान की तान में तू,
नाम जिसने जपा है तुम्हारा,
नाम जिसने जपा है तुम्हारा,
तेरी आँखों तारे हुए है,
तेरे भक्तों के जीवन कन्हैया,
तेरी रहमत से रोशन हुए है।।

आस तेरी भरोसा तुम्हारा,
श्याम भक्तो की दौलत तू ही है,
वर्ना रखा है क्या पास इनके,
वर्ना रखा है क्या पास इनके,
हम तो सबकुछ लुटाए हुए है,
तेरे भक्तों के जीवन कन्हैया,
तेरी रहमत से रोशन हुए है।।

अपना मजधार भी है किनारा,
तुझसा माझी हमें जो मिला है,
नाव अपनी भला कैसे डूबे,
नाव अपनी भला कैसे डूबे,
तेरे दिल में समाए हुए है,
तेरे भक्तों के जीवन कन्हैया,
तेरी रहमत से रोशन हुए है।।

श्याम करके कृपा इस जहाँ पर,
प्यार सबके दिलों में बसा दे,
नंदू देखूं मैं ऐसा सवेरा,
नंदू देखूं मैं ऐसा सवेरा,
सबके लब मुस्कुराए हुए है,
तेरे भक्तों के जीवन कन्हैया,
तेरी रहमत से रोशन हुए है।।

तेरे भक्तो के जीवन कन्हैया,
तेरी रहमत से रोशन हुए है,
वर्ना दुनिया में कौन है किसका,
यहाँ अपने पराए हुए है,
तेरे भक्तों के जीवन कन्हैया,
तेरी रहमत से रोशन हुए है।।

गायक मुकेश बागड़ा जी।

Source:
https://www.bharattemples.com/tere-bhakto-ke-jivan-kanhaiya-teri-rehmat-se-roshan-hue-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw